# टॉप 10 में सात विद्यार्थी हजारीबाग से

आजाद सिपाही संवाददाता


**हजारीबाग।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने मंगलवार को 10वीं बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया है। इस परीक्षा में इंदिरा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, हजारीबाग के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर टॉप 10 में दबदबा बनाया है। राज्य के टॉप 10 विद्यार्थियों में से 7 इसी स्कूल से हैं। इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग की गीतांजलि 98.60% (493 अंक) के साथ पहला स्थान यानी स्टेट टॉपर बनी हैं। वहीं रितु कुमारी, अमृता गुप्ता, पूजा कुमारी और अमर कुमार ने 491 अंक (98.20%) के साथ संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया। अमर कुमार प्रॉप वी उच्च विद्यालय तिलैया रांगाटांड़ से हैं।



इंदिरा गांधी बालिका हाई स्कूल, हजारीबाग की शिवानी कुमारी 489 अंक (97.80%) के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। जबकि श्रेया कुमारी और साक्षी कुमारी ने 488 अंक (97.60%) प्राप्त कर टॉप 10 में जगह बनायी।अन्य टॉपर्स में विकास प्रमाणिक (प्रॉप हाई स्कूल, बाघमारा, बलियापुर) ने 489 अंक (97.80%) और शुभम कुमार पात्रा (प्लस टू आदिवासी हाई स्कूल, बांगुड़दा) ने 487 अंक (97.40%) प्राप्त किये हैं। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने छात्रों को बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## चलकुशा पीएम श्री उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन

चलकुशा (आजाद सिपाही)। पीएम श्री उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय चलकुशा ने उत्कृष्ट शैक्षणिक स्तर का परिचय देते हुए मैट्रिक बोर्ड परीक्षा 2025 में शानदार सफलता प्राप्त की है। कक्षा दसवीं के छात्रों का परीक्षाफल 100% रहा। विद्यार्थियों ने अनुकरणीय प्रदर्शन कर विद्यालय के शिक्षकों और अभिभावकों को गौरवान्वित किया है। कक्षा दसवीं के तीन उत्कृष्ट मेधावी विद्यार्थियों की सूची प्रथम स्थान आर्यन यादव 451अंक 90.20 %, शीतल कुमारी 451 अंक 90.20%, द्वितीय स्थान दिव्या कुमारी 398 अंक 77.60%, तृतीय मुजफ्फर अंसारी 388अंक 77.60% किया है। विद्यालय के प्राचार्य मो नौशाद इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा यह उपलब्धियां विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और सभी अभिभावक के सहयोग का

प्रतिफल है। हम अपने विद्यार्थियों की इस उत्कृष्ट सफलता पर अत्यंत गर्व महसूस करते हैं। हमारा विश्वास है कि ये प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं भविष्य में नई ऊंचाइयों को स्पर्श करेंगे। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक गण और कर्मी की ओर से सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं ।

# मरकच्चो की प्रिया बनी जिला टॉपर




आजाद सिपाही संवाददाता

**मरकच्चो।** विगत कई वर्षों से परियोजना बालिका उच्च विद्यालय मरकच्चो ने जिला टॉपर में अपना स्थान बनाने का रिकॉर्ड जारी रख रहा है। इस वर्ष भी वार्षिक माध्यमिक परीक्षाफल 2025 में भी जिला टॉपर में विद्यालय की एक छात्रा ने स्थान प्राप्त किया है। जैक रांची द्वारा जारी रिजल्ट में विद्यालय की छात्रा मध्य पंचायत निवासी पिता गोपाल वर्णवाल व माता सुरुचि बाला की पुत्री प्रिया रानी ने 480 अंक प्राप्त कर जिला में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। प्रिया रानी इस सफलता का श्रेय अपने विद्यालय के शिक्षकों, माता पिता व बड़े भाई को दी है। वहीं परियोजना उच्च विधालय के आर्यन कुमार यादव (पिता मनोज यादव) 480 अंक लाकर जिला मे तीसरा स्थान प्राप्त कर स्कूल के साथ साथ अपने माता पिता का नाम रोशन किया है। स्कूल के प्राचार्य न्यूटन कुमार ने उसके उज्जवल भविष्य की कामना किया। वहीं मध्य पंचायत मरकच्चो की ही पिता बीरेंद्र ठाकुर व माता सुनीता देवी की पुत्री परियोजना बालिका उच्च विद्यालय की ही छात्रा निशा कुमारी 472 अंक लाकर जिला में 9 वां स्थान लायी है। इस खुशी में परिवार के सदस्यों द्वारा मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। वहीं विद्यालय के प्रधाना ध्यापक विद्या सागर पासवान, शिक्षक रामकृपाल सिंह, धनन्जय विष्वकर्मा दोनों के घर पहुंच कर छात्रा प्रिया रानी को मिठाई खिलाया व उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। वहीं अभिभावकों ने विद्यालय परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। छात्रा प्रिया कुमारी ने बताई कि मैं आगे कम्प्यूटर इंजीनियरिंग बनूंगी। निशा कुमारी ने बताया कि मैं आगे कि एनडीए में जाना चाहती हूं।

## परियोजना बालिका उच्च विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत

# 279 परीक्षार्थियों में से सभी परीक्षार्थी पास

आजाद सिपाही संवाददाता

**विष्णुगढ़।** झारखंड अधिविद्य परिषद् (जेएसी) द्वारा आयोजित 10वीं बोर्ड की परीक्षा का परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया, जिसमें विष्णुगढ़ के बाजारटांड़ स्थित परियोजना बालिका उच्च विद्यालय की कुल 279 परीक्षार्थियों में से सभी 279 परीक्षार्थी पास होने ने सफल रहे। प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्यालय से प्रथम श्रेणी में 195 (70% परीक्षार्थी), द्वितीय श्रेणी में 75 (27% परीक्षार्थी) और तृतीय श्रेणी में 09 (3%) परीक्षार्थी बोर्ड की परीक्षा पास होने में सफल हुए। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं में सृष्टि रानी (94.8%), सुहानी प्रिया (93.6%), कोमल कुमारी (92.6%), सुमन कुमारी (91.6%), दीपा कुमारी (90.6%), अंजू कुमारी (89.8 %), अंकिता गोस्वामी











(88.8%), रिया कुमारी (88 %), अंजली कुमारी (87.6 %), मनीषा कुमारी (87.2%), कृतिका कुमारी (86.8%), दीपा कुमारी (86.8%), चंचला कुमारी (86.2%) और करिश्मा कुमारी (86%) शामिल हैं, जिन्होंने अपने प्रदर्शन से विद्यालय तथा अभिभावक का नाम रौशन किया। परियोजना बालिका उच्च विद्यालय विष्णुगढ़ की सभी सफल परीक्षार्थियों को विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार, विद्यालय अध्यक्ष संजय कुमार, विद्यालय के शिक्षक राजदेव प्रसाद, अजय कुमार वर्मा, मनोज कुमार, पवन कुमार, सुनील कुमार, मंजू कुमारी, शालिनी गुप्ता, रवि भूषण कुमार और विद्यालय अनुसेवक शुभम प्रसाद आशीष ने हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# 97 प्रतिशत अंक लाकर सुमित बना प्रखंड टॉपर, साथ ही राज्य में 7वां स्थान प्राप्त किया





आजाद सिपाही संवाददाता

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण बच्चों ने मैट्रिक की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए परचम लहराया है। बता दे कि मंगलवार को जैक रांची ने मैट्रिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया है। इसमें +2 हाई स्कूल धर्मपुर के छात्र सुमित कुमार ने 97 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं पुरे राज्य भर में 7वां स्थान प्राप्त कर अपने क्षेत्र का नाम रौशन किया है। सुमित के पिता राज मिस्त्री का काम करते हैं वही माता उषा देवी गृहणी है दोनों मैट्रिक तक पढ़े है। सुमित के एक बडे भाई व एक छोटी बहन है बड़े भाई विवेक प्रजापति भी 2023 के मैट्रिक परीक्षा में स्कुल टॉपर था वही बहन प्रतिमा अपने भाई के साथ परीक्षा दी थी। प्रतिमा धर्मपुर स्कुल में तीसरा स्थान प्राप्त कि है। सुमित ने बताया की वह आगे इंजिनियर बनना चाहता है। टाटीझरिया में दूसरे स्थान पर टॉपर यूएन हाई स्कूल झरपो की विद्या कुमारी 96.4 प्रतिशत और इसी विद्यालय के प्रिया कुमारी 96.2 प्रतिशत लाकर लाकर पुरे प्रखंड में तीसरा स्थान प्राप्त की है। +2 हाई स्कूल धर्मपुर से राहुल प्रजापति 93.6 प्रतिशत अंक, युएन हाई स्कूल दिपक कुमार 92.8 प्रतिशत, +2 हाई स्कूल झरपो से अरमान अंसारी 93 प्रतिशत, रिया कुमारी 91.2 प्रतिशत, यशोदा कुमारी 89.4 प्रतिशत, जैक इंग्लिश मीडियम क्रेएटिव हाई स्कूल डहरभंगा से जया कुमारी 92.4 प्रतिशत, परी कुमारी 92.2 प्रतिशत, अंजलि कुमारी 87 प्रतिशत, हाई स्कूल टाटीझरिया से रिया कुमारी 85.2 प्रतिशत, आशिया खातुन 84.2 प्रतिशत, विद्या कुमारी 81.8 प्रतिशत, झारखंड पब्लिक स्कूल होलंग से रिया कुमारी 94.2 प्रतिशत, सोनु कुमार 93.8 प्रतिशत, सुरेश कुमार 87 प्रतिशत अंक अर्जित किया है।

## शशि प्रकाश सिंह ने हजारीबाग के 138वें उपायुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2017 बैच के अधिकारी शशि प्रकाश सिंह ने हजारीबाग के 138वें उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। मंगलवार को निवर्तमान उपायुक्त नैंसी सहाय ने उपायुक्त वेश्म में उन्हें पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया तथा अपना प्रभार सौंपा। अपना प्रभार सौंपने के उपरांत निवर्तमान उपायुक्त नैंसी सहाय ने मीडिया से अपने 3 वर्ष और 3 माह के कार्यकाल के अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा कि मेरा यह कार्यकाल व्यक्तिगत रूप से यादगार रहा है, हमने मिलकर चुनाव कराया, चार रामनवमी कराने का अवसर प्राप्त हुआ। सभी अधिकारियों, मीडिया जिलेवासियों का भरपूर सहयोग मिला। उन्होंने सभी का आभार जताया और शुभकामनाएं दी। पदभार ग्रहण करने के उपरांत हजारीबाग के नए उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह मीडिया से मुखातिब हुए। सर्वप्रथम उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना उनकी प्राथमिकताओं में होगा।

# सरस्वती हाइ स्कूल छात्रा पायल बनी प्रखंड टॉपर

आजाद सिपाही संवाददाता

**दारू/हजारीबाग।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल जेक द्वारा आयोजित वर्ष 2025 की दसवीं कक्षा की परीक्षा में दारू प्रखंड के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इस बार पूरे प्रखंड में टॉप पर सरस्वती हाई स्कूल, दारू की छात्रा पायल कुमारी रही हैं, जिन्होंने कुल 466 अंक प्राप्त कर 93.20 प्रतिशत अंक हासिल किए और प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर दो छात्राएं संयुक्त रूप से रही हैं जिसमे मेढकुरी हाई स्कूल की ज्योति कुमारी और महेशरा हाई स्कूल की माही कुमारी, दोनों ने 464 अंक 92.80 प्रतिशत के साथ अपना बेहतरीन प्रदर्शन दिखाया। तीसरे स्थान पर फिर से सरस्वती हाई स्कूल, दारू के छात्र अजीत प्रजापति रहे, जिन्होंने 461 अंक 92.20 प्रतिशत प्राप्त किए। यह गौरतलब है कि टॉपर पायल



कुमारी और तीसरे स्थान पर रहे अजीत प्रजापति दोनों की प्रारंभिक शिक्षा ज्ञान गंगा पब्लिक स्कूल से हुई है, जिसने उनकी पढ़ाई की नींव मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालयों के अनुसार देखें तो सबसे बेहतर प्रदर्शन सरस्वती हाई स्कूल, दारू का रहा, जहाँ से पायल कुमारी ने 466 और अजीत प्रजापति ने 461 अंक प्राप्त किए। इसके बाद महेशरा हाई स्कूल के विद्यार्थी भी काबिले तारीफ रहे, जिसमें माही कुमारी ने 464, राधा कुमारी ने 458 और करिश्मा गोस्वामी ने 451 अंक हासिल किए। मेढकुरी हाई स्कूल से ज्योति कुमारी ने 464, अभिमन्यु कुमार ने 458 और रानी कुमारी ने 450 अंक प्राप्त कर अच्छे नंबर हासिल किए। अपग्रेडेड हाई स्कूल, पुनाई के मो. माजउल ने 458 अंक 91.60 प्रतिशत के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं दिग्वार स्कूल की तरफ से सृष्टि कुमारी ने 415 अंक 83 प्रतिशत, प्रियांशी कुमारी ने 399 अंक 79.80 प्रतिशत और सुरेश राणा ने 392 अंक 78.40 प्रतिशत प्राप्त किए हैं, जिन्होंने अपने स्कूल के लिए सम्मानजनक प्रदर्शन किया। इस प्रकार इस वर्ष की परीक्षा में दारू प्रखंड के सभी स्कूलों के विद्यार्थियों ने मेहनत और लगन से उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए हैं, जिससे प्रखंड का शैक्षिक स्तर और भी मजबूत हुआ है।

## सीएम आदर्श उच्च विद्यालय इचाक के छात्रों ने लहराया परचम

# अमन कुमार साव 461 अंक लाकर बना स्कूल टॉपर

आजाद सिपाही संवाददाता

**इचाक।** झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित मैट्रिक 2025 की परीक्षा में सीएम आदर्श उच्च विद्यालय इचाक, के छात्र छात्राओं द्वारा बेहतर प्रदर्शन किया गया। बेहतर प्रदर्शन कर माता-पिता विद्यालय का नाम रोशन किए। विद्यालय से कुल 563 छात्र छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए, जिसमें प्रथम श्रेणी में 359 छात्र छात्राएं, द्वितीय श्रेणी में 181 छात्र छात्राएं तथा तृतीय श्रेणी में 08 छात्र छात्राओं ने सफलता हासिल किया। सभी सफल विद्यार्थियों को विद्यालय के सचिव मनीष कुमार और प्रधानाध्यापक जीवन कुमार शुभकामनाएं दिये हैं ।



विद्यालय के कोर कमेटी के सदस्य प्रो मनोज कुमार ने टॉपर छात्र अमन कुमार साव और विशाल कुमार को मिठाई खिलाकर बधाई दिये। खुशी जाहिर करने वाले शिक्षकों में मुन्ना पांडे, कुमारी अंजली, राजेश प्रसाद, युगेश कुमार, वासुदेव पांडे, ओंकार मेहता, सत्येंद्र राणा, धर्मेंद्र कुमार दास, बैजनाथ प्रसाद मेहता, सुलेखा कुमारी, कैलाश कुमार, संगीता कुमारी, खुर्शीद आलम आदि सामिल हैं।

## पंचायत समिति की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा



**इचाक (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय में पंचायत समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रमुख पार्वती देवी ने की। डाडीघाघर मुखिया नंदकिशोर मेहता ने कहा कि पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र जर्जर हैं, जिन्हें अभिलंब नया भवन बनाया जाये। नया भवन नहीं बनाये जाने तक केंद्रों को दूसरे जगह शिफ्ट करने की बात सदन में कही गयी। क्योंकि वहां घटना घटने की संभावना व्यक्त की गयी। कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि जो बच्चे का साइकिल वितरण नहीं हो पाया है उन्हें जल्द उपलब्ध कराया जायेगा। पशुपालन विभाग द्वारा बताया गया कि कल 95 लाभुकों को पशुधन का लाभ दिया जाना है, इसकी राशि विभाग में आ चुकी है। प्रमुख पार्वती देवी ने पशुपालन प्रभारी और पशुपालन चिकित्सक के नही रहने पर नाराजगी व्यक्त किया। खाद आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि दिसंबर 2024 का दाल लाभुको को दे दिया गया है। जून जुलाई में जो दाल बटेगा वह नियमित चलेगा। मनरेगा बीपीओ स्वाति वर्मा ने बताया कि 195 एकड़ का लक्ष्य था जिसमें 110 एकड़ पूरा कर लिया गया है। उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार ने कहा की मनरेगा में किये गये कार्यों को मजदूरों द्वारा करवाना ही सुनिश्चित करें। पेयजल विभाग के कन्या अभियंता ने बताया कि पुरानी चापानलों की मरम्मती की जा रही है और नए चापानल स्टेट द्वारा अभी बंद है। नई बोरिंग आने पर जन प्रतिनिधियों को इसकी सूचना दी जायेगी। अंचल द्वारा रजिस्टर टू नहीं लाये जाने पर सदन ने घोर निंदा किया गया। इस पर गंभीरता से संज्ञान नहीं लिया गया तो आंदोलन करने की बात कही गई। ऑनलाइन मोटेशन में देरी होने पर सदन ने नाराजगी व्यक्त किया गया। बैठक में प्रमुख पार्वती, देवी उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार, एम ओ राजेश कुमार, बीपीओ स्वाति वर्मा, पंचायत समिति सदस्य संतोष कुमार, महेंद्र पांडे, विनय कुमार धवन, केदार मेहता, रेनू देवी, मनोहर कुशवाहा, मुखिया नंदकिशोर मेहता, अंचल निरीक्षक आजाद कुमार सिंह, कनिय अभियंता मोहम्मद अफजल, नवल किशोर, नीरज कुमार, शिक्षा विभाग से बीपीओ वंदना श्रीवास्तव और अन्य जनप्रतिनिधि साथ में सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## झारखंड जैक बोर्ड 10वीं का रिजल्ट जारी, अजीत कुमार बना प्रखंड टॉपर

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में दो भाइयों ने झारखंड जैक बोर्ड के दसवीं के परीक्षा के परिणाम में उम्दा प्रदर्शन कर प्रखंड क्षेत्र का मान बढ़ाया है। पूर्व शिक्षक मौजी लाल साव के पौत्र एवं सुनील कुमार साव के पुत्र अजीत कुमार और अमित कुमार साव ने प्रखंड के साथ-साथ जिला का भी मान बढ़ाया है जिसमें अजीत कुमार साव ने 480 नंबर लाकर 96 प्रतिशत अंक लाकर जिला में तीसरा और प्रखंड में प्रथम स्थान प्राप्त किये हैं। वहीं इनका सगे भाई अमित कुमार साव ने 475 नम्बर 95 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड में दूसरा स्थान प्राप्त किया हैं। तीसरा स्थान पर शिक्षक हीरालाल चौधरी के पुत्र अमरदीप चौधरी 466 अंक 93 .2 प्रतिशत अंक लाकर तीसरे स्थान प्राप्त किया है। इस खुशी के मौके पर छात्रों ने इसका श्रेय अपने माता-पिता के साथ-साथ गुरुजनों का भी भरपूर सहयोग और मेहनत का फलाफल बताया है। वहीं आगे की पढ़ाई के बारे में छात्रों ने इंजीनियरिंग के क्षेत्र में जाने का मन बनाया है' इस मौके पर प्रखंड के लोगों ने बधाई दी है।

## सर्पदंश से एक युवती की मौत



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के ग्राम मधुबन में सांप के डसने से एक युवती की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार के सुबह संतोषी कुमारी 16 साल पिता सकलदेव यादव ग्राम मधुवन निवासी खाना बनाने के लिए घर पर लकड़ी निकाल रही थी, जहां उसे जहरीले सांप ने डस लिया। जिससे संतोषी की स्थिति गंभीर होने लगी। परिजनों ने आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा लाये। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है वहीं आज ही संतोषी का मैट्रिक परीक्षा का परिणाम आया जिसमें उसने प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुई।

## सरना धर्म कोड लागू करने की मांग को लेकर झामुमो का धरना

# हर हाल में सरना धर्म कोड लागू करना होगा: संजीव बेदिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** सरना धर्म कोड लागू किये बिना केंद्र सरकार के द्वारा जाती आधारित जनगणना किये जाने के खिलाफ झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय कार्यकारणी सदस्य सह जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया के नेतृत्व में मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। संजीव बेदिया ने सभा में हुंकार भरते हुए कहा कि सरना धर्म कोड लागू करने की मांग को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया है। श्री बेदिया ने कहा कि सरना धर्म कोड झामुमो की कोई नयी मांग नहीं है। झामुमो हमेशा से ही इसे लागू करवाने की मांग करती रही है। कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा गत नवंबर 2020 में सरना धर्म कोड की मांग को लेकर झारखंड विधानसभा से विधेयक पारित कर अनुमोदन के लिए केंद्र



सरकार को भेजा था, परंतु केंद्र सरकार के उदासीन रवैये के कारण यह अब तक लागू नहीं हो पाया है। दुर्भाग्यवश लगभग पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी केन्द्र सरकार ने इस पर कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया है। इसी बीच भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने जातिगत जनगणना कराने का निर्णय लिया है जो यह दशार्ता है कि भाजपा सरकार आदिवासी समुदाय के अस्तित्व, उनकी आस्था और अधिकार को नजरअंदाज कर रही है। कहा कि केंद्र सरकार को हर हाल में सरना धर्म कोड लागू करना होगा।

केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ कमल नयन सिंह ने कहा कि जब तक सरना धर्म कोड आदिवासी धर्म कोड लागू नहीं होता, तब तक झारखंड में जातिगत जनगणना नहीं होने दी जायेगी। सभी से आह्वान करते हुए कहा कि आदिवासी समुदाय के धर्म, आस्तित्व और अधिकार की रक्षा के लिए एकजुट हो जाये।

पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि सरना धर्म कोड आदिवासियों के अधिकार की मांग है और उनके पहचान उनके अधिकार को दिलाने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा कटिबद्ध है।

कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव नीलकंठ महतो ने किया। कार्यक्रम को वरिष्ठ नेता गौरव पटेल, केंद्रीय नेता सुनील शर्मा, विकास राणा, बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष सह श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह, आरके मेहता, इचाक बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, दिलीप वर्मा, नगर अध्यक्ष नवीन प्रकाश, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत मेहता, इचाक उप प्रमुख सतेंद्र कुमार, राजेश मेहता, कमाल कुरैशी, सरफराज अहमद, कुदुस अंसारी, प्रयाग मेहता, राजीव वर्मा, जासो देवी, रवि सिंह, उज्जवल सिंह, देव आनंद कुमार, नजीर अहमद, रवि सिंह, रामकुमार मेहता, राजा खान, सुरेंद्र बांडों, कैलाश प्रसाद मेहता, अनन्या मुखर्जी, यशोदा देवी, मोहम्मद इजहार, विकास राणा, यासीन खान, सोनाराम मांझी, रामकिशोर मुर्मु, रामा सोनी, राजीव वर्मा, निसार अहमद शामिल थे।

## बड़कागांव में पुलिस ने एक फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव पुलिस ने गिरफ्तार कर एक फरार अभियुक्त को जेल भेजा। मामले को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने बताया कि बड़कागांव थाना कांड संख्या 156/08 टी. आर 518/18 , जी आर 4144/08 धारा 25 (1- बी) ए/26 आर्म्स एक्ट के तहत 43 वर्षीय मनोज गोप ग्राम सराढ़ु थाना टंडवा जिला चतरा वर्तमान पता ग्राम गोंदलपुरा थाना बड़कागांव जिला हजारीबाग को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में हजारीबाग जेल भेज दिया।

# कोयला तस्करों के साथ पार्टनर की भूमिका में मिश्रा जी ने किया अपने शागिर्द को प्रमोट

**मृत्युंजय कर रहा है प्लांट मालिक से गद्दारी, कोयले एफसी और जीसीबी में करता है हेराफेरी**

**कमीशन बेश पर तस्करों के साथ मिलकर कर रहा है खेला-बेला**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** हेल्लो मिश्रा जी बोल रहा हूं, सॉरी अमित बोल रहा हूं। दो दिन के बाद तुम्हारा रिचार्ज खत्म हो जाएगा और सुनो ज्यादा होशियार मत बनो एक फोन में तुम्हारा धंधा पर ताला लग जायेगा। इसलिए सुनो तुम सब अवैध कोयला प्लांट में गिराओगे तो मुरारी से बात कर लेना। ये मेरा आदमी है। इससे मिलकर रहो और काम करो। जी हां ऐसा ही शब्दों का इस्तेमाल रामगढ़ में मिश्रा जी उर्फ अमित उर्फ सोनू कर रहा है। मिश्रा जी स्पष्ट शब्दों में कोयला तस्करों को धमका रहा है। कहते है कि मुरारी मेरा आदमी है। इसके ही अकाउंट में कोयला गिरेगा। तस्कर भी मिश्रा जी का पावर जानते है। जिसके कारण हवाबाजी भी खूब कर रहा है। तस्कर भी इनकी हवाबाजी में उनका परिक्रमा कर रहा है। सूत्रों की हवाले से मिली पूरी खबर से स्पष्ट होता है कि मिश्रा जी अपने आंका को अंधेरे में रखकर खूब लूट रहे हैं। इसके अलावा मिश्रा जी कईएक तस्करों के साथ पार्टनर की भूमिका में है।

## एक भी ट्रेलर का नहीं हिलेगा पहिया, होश में रहने की हिदायत

मिश्रा जी पूरे फॉर्म में है। जिला में खूब बल्ला घुमा रहे है। नसीब इतना अच्छा है कि एक भी चाल बेकार नहीं जा रहा है। जिसके कारण उनका आत्मविश्वास सातवें आसमान पर है। बढ़ते आत्मविश्वास के कारण तस्करों को हड़का भी रहा है। उसका स्पष्ट कहना है कि बात नहीं माना तो गाड़ियो का पहिया थम जायेगा। यह जानकारी तस्करी से जुड़े सूत्रों ने दी है। सूत्रों ने बताया कि मिश्रा जी अपना साम्राज्य मैरेज हॉल और होटल से चलाते है।

## मुरारी को मिला मृत्युंजय के साथ लैब सेटिंग का जिम्मा

सूत्रों ने बताया कि मिश्रा जी कम मास्टरमाइंड नहीं है। प्लांट में लैब सेटिंग के लिए मृत्युंजय नामक आदमी को अपने पाले में कर लिया है। मृत्युंजय भी पक्का दारूबाज है। वो भी मालिक से दगाबाजी कर रहा है। मृत्युंजय मुरारी से मिलकर लैब टेस्टिंग में कोयले को क्वालिटी में हेराफेरी कर अपना कमीशन वसूल रहा है। मृत्युंजय का एक ही काम है। जो भी कोयला मुरारी के अकाउंट (महादेव) में गिरेगा। उसका एफसी और जीसीबी में सुधार कर अपना तय कमीशन लेता है। मुरारी भी लैब सेटिंग के नाम पर पार्टी से प्रति टन मोटी रकम वसूल रहा है। जिसका भुगतान अपने आँका मिश्रा जी को करता है।

# दिगवार उच्च विद्यालय के दो विद्यार्थी जिले के टॉप टेन में शामिल




**कुजू (आजाद सिपाही)।** जैक बोर्ड द्वारा जारी मैट्रिक की रिजल्ट में दिगवार उच्च विद्यालय, दिगवार के दो छात्र आशीष कुमार और अमन कुमार ने रामगढ़ जिले में टॉप टेन में स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। जिले के टॉप टेन की सूची में आशीष ने 474 अंक लाकर दूसरा और अमन ने 470 अंक लाकर छठा स्थान प्राप्त किया। उनकी सफलता पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज प्रसाद ने खुशी जाहिर करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। वहीं, दोनों विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता, गुरुजन और विद्यालय परिवार को दिया है। दोनों अपनी पढ़ाई जारी रखते हुए आगे इंजीनियरिंग करना चाहते हैं।

# कीर्ति श्री ने संभाला उपायुक्त का पदभार



**चतरा(आजाद सिपाही)।** नव पदस्थापित उपायुक्त कीर्ति श्री ने समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में जिले के 39 वें उपायुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि सरकार व प्रशासन दोनों जनता के लिए है। उपायुक्त ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से शत प्रतिशत योग्य लाभुकों को लाभान्वित करना, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आजीविका सृजन, महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में कुछ नया किया जायेगा। नवपदस्थापित उपायुक्त कीर्ति श्री कर्नाटक की रहने वाली हैं और वर्ष 2017 बैच की आईएएस अधिकारी हैं। यहां आने से पहले यें झारक्राफ्ट की प्रबंध निदेशक के पद पर पदस्थापित थी।थीं। कीर्ति श्री बोकारो में उप विकास आयुक्त के पद पर अपनी सेवा दे चुकी हैं। नव पदस्थापित उपायुक्त कीर्ति श्री के चतरा जिला आगमन पर स्थानीय परिसदन में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज समेत अन्य पदाधिकारियों ने नवपदस्थापित उपायुक्त को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।

## अहिल्याबाइ होलकर की 300वीं जयंती पर गोष्ठी का आयोजन

# महिला सशक्तिकरण की प्रेरणादायक उदाहरण है अहिल्याबाइ होलकर की कहानी : संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला द्वारा राधा गोविंद विश्वविद्यालय में स्मरणीय लोक माता पुण्य श्लोक अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जन्म शताब्दी को लेकर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम, राधा गोविंद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह, प्रति कुलाधिपति डॉ रश्मि और प्रियंका कुमारी शामिल रहे। मौके पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि अहिल्याबाई होलकर की विरासत आज भी प्रासंगिक है और हमें उनके आदर्शों और मूल्यों को अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होलकर की कहानी महिला सशक्तिकरण की एक प्रेरणादायक उदाहरण है और हमें महिलाओं के अधिकारों और सशक्तिकरण के लिए काम की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके ही प्रेरणा से भारत को न सिर्फ आत्मनिर्भर बना रहें हैं। बल्कि 18 करोड़ इज्जत घर, उज्वला योजना के तहत 20 करोड़ महिलाएं के रसोई में गैस चूल्हा पहुंचा है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजना से आज देश की बेटियां सशक्त हो रही हैं। आज सैनिक स्कूल में हमारी बेटियां प्रवेश ले रही हैं और आने वाले समय में सेना के उच्चतम पद पर अवश्य पहुंचेगी। उन्होंने 18 वर्षीय अग्नि अग्निहोत्री के परमाणु विमान उड़ाकर कीर्तिमान स्थापित किया है।

### ये थे उपस्थित

गोष्ठी का संचालन जिला महामंत्री विजय जायसवाल और डॉ संजय प्रसाद सिंह द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। धन्यवाद ज्ञापन जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष रंजन सिंह फौजी ने की। मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य रणंजय कुमार, डॉ संजय कुमार चंद्रशेखर चौधरी, डॉ संजय प्रसाद सिंह, रंजीत पांडेय, सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, रंजन फौजी, राजेन्द्र कुशवाहा, बलराम महतो, स्नेहलता चौधरी, दिनेश प्रसाद, महेन्द्र प्रजापति, जिला मंत्री दिलीप सिंह किरण देवी, लक्ष्मी देवी सरदार अनमोल सिंह, अशोक कुमार सोनी, जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, संतोष कुमार शर्मा, प्रो आलोक कुमार, सुरजीत सिंह छाबड़ा, मनी शंकर ठाकुर, शीतल सिंह, सन्नी कुशवाहा, सरस्वती देवी, कुश श्रीवास्तव, शंकर करमाली, वारिश खान योगेश कुमार दांगी, सूर्यवंश श्रीवास्तव, गणेश प्रसाद स्वर्णकार, नरेश साव, सतीश मोहन मिश्रा, विनोद मिश्रा, मनोज जायसवाल, रॉबिन गुप्ता, सुरेन्द्र शर्मा, सतेन्द्र सिंह, विजय ओझा, मनोज कुमार महतो, मंजू देवी, अर्जुन यादव, गौतम महतो, जितेन्द्र साहू, रवि हाजरा, महेन्द्र प्रसाद, संजय पांडेय जिला के प्रमुख कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में शिक्षक और शिक्षार्थी मौजुद थे।

## ऑपरेशन सिंदूर में दिखी भारत का शैन्य शक्ति

अपने उद्बोधन में संजय सेठ ने ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए इसे भारतीय सेना के शौर्य की तारीफ की। कहा कि आज सारा देश तिरंगा यात्रा निकाल सेना का अभिनंदन कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर के मूल्य मंत्र से आज भारत दुनिया के चौथी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन गयी है। 2027 में तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बन जायेगी। उन्होंने मोदी जी के 11 वर्ष के कार्यकाल को लोकमाता रानी अहिल्या बाई होलकर से प्रेरित बताया और कहा कि उन्होंने देश की जनता से जो जो वादे की उन सभी को धरातल पर उतारा है।

# मैट्रिक परीक्षा में जिले में प्रशांत ने चौथा और किंजल ने नौवां स्थान हासिल किया




**कुजू (आजाद सिपाही)।** जैक बोर्ड की 10वीं परीक्षा में छोटानागपुर उच्च विद्यालय बोंगाबार के प्रशांत प्रजापति ने 472 अंक लाकर विद्यालय को जिले में टॉप 10 में जगह दिलायी। प्रशांत ने जिले में चौथा स्थान हासिल कर विद्यालय का मान बढ़ाया। वहीं, करमा उच्च विद्यालय करमा की किंजल 467 अंक प्राप्त कर नौवां स्थान हासिल करने में सफल हुई। उनकी सफलता पर बच्चों के माता पिता समेत विद्यालय के प्रधानाध्यापक रघु विश्वकर्मा और सर्वेश्वर राम ने खुशी जाहिर की। साथ ही, उनकी उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है।

# पतरातू के पर्यटन विहार पहुंची तानिया मित्तल



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** भारतीय उद्यमी, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और मॉडल तानीया मित्तल मंगलवार को पतरातू पर्यटन विहार पहुंची। इस दौरान तान्या मित्तल ने पत्रकारों बताया कि झारखंड टूरिज्म के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। यहां की फिल्म पॉलिसी को लेकर राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार काफी कम कर रहे हैं। फिल्म इंडस्ट्री के लिए झारखंड को दूसरा हब बनाया जा सकता है। इस राज्य की खूबसूरती यहां की प्राकृतिक सुंदरता से है। उन्होंने कश्मीर की तुलना झारखंड से की। कुंभ के बारे में उन्होंने कहा कि 12 साल में जब सारे ग्रह यहां मिलते हैं तो सारे लोग वहां जाकर स्नान कर मोक्ष के लिए प्रार्थना करते हैं। परंतु झारखंड में में मेला और पर्व की जरूरत ही नहीं है यहां पर प्राचीन शक्तिशाली मंदिर और पीठ है जिनके बारे में नॉर्थ साइड में पता नहीं है। आने वाले एक साल में देश ही नहीं पूरी दुनिया से यहां लोग आयेंगे।

# बालिका उच्च विद्यालय के शत प्रतिशत विद्यार्थियों ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में हासिल की सफलता







**कुजू (आजाद सिपाही)।** जैक द्वारा आयोजित 10वीं बोर्ड परीक्षा में बालिका उच्च विद्यालय मुरपा (कुजू) की विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। बोर्ड परीक्षा में छात्रा रिया कुमारी ने 392 अंक प्राप्त कर टॉपर बनी। जबकि पूजा कुमारी ने 379 अंक ने लाकर द्वितीय, वंदना कुमारी ने 363 अंक के साथ तृतीय, नरगिस प्रवीण ने 352 अंक के साथ चौथा और खालिदा जिया ने 336 अंक प्राप्त कर पांचवां स्थान हासिल किया है। विद्यालय प्राचार्य कुलदीप प्रसाद ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में कुल 87 विद्यार्थी शामिल रहे। जिसमें फर्स्ट डिविजन 22, सेकेंड डिविजन 40, थर्ड डिविजन 07, मार्जिनल 17 और एक अब्सेंट रही। विद्यालय का कुल 79.32 प्रतिशत रिजल्ट रहा। इधर, प्राचार्य कुलदीप प्रसाद और सचिव अंशु गुप्ता ने सफल सभी विद्यार्थियों के लिए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# शांति निकेतन विद्यालय के विद्यार्थियों का मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा जारी 10 वीं बोर्ड परीक्षा में शांति निकेतन विधालय बगरैया उरीमारी की छात्र- छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। विधालय से मैट्रिक परीक्षा में 39 छात्र-छात्राओं में प्रथम स्थान -31, द्वितीय- 06, तृतीय- 01 ने उत्कृष्ट परिणाम हासिल किया। जबकि एक बच्चा मार्जिनल रहा। इस दौरान लक्ष्मी कुमारी ने 84.4 प्रतिशत अंक लाकर विधालय में टाप रही। वहीं कोमल राज 82.6, काजल कुमारी 78.4, संजन कुमार 76.6, करण पावरिया 73.4, सुबन्ति कुमारी 72.4, पवन कुमार गोप 71.6, अंजू कुमारी 71.4, गीता कुमारी 71.0, विशाल कुमार 70.6 प्रतिशत लाकर परीक्षा में शामिल विधालय के सभी बच्चों ने नाम रोशन किया है। इधर शांति निकेतन विधालय के निदेशक नरेश करमाली और प्रधानाध्यापक दिनेश करमाली ने परीक्षा में बच्चों के द्वारा बेहतर परिणाम के लिए विधालय के सभी कर्मठ, परिश्रमी व अनुभवी शिक्षक - शिक्षिकाओं सहित अभिभावकों को विधालय की ओर से बहुत - बहुत बधाई। वहीं समस्त छात्र - छात्राओं को ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। मौके पर निदेशक नरेश करमाली, प्रधानाध्यापक दिनेश करमाली, राजेंद्र राम, पिंटू कुमार, रंजीत करमाली, राजू बेसरा, पूनम सरोज किंडो, अर्चना कुमारी, सूरज कुमार, विनोद हांसदा, सुशील कुमार, सेवामुनी टुडू, बबीता सोरेन, पूनम भारती, चेतो मांझी, अनोखा कुमारी, विकास करमाली, सबिता देवी, सिकंदर अंसारी, भीम साव, जुगेश बेदिया, राजू सिन्हा मौजूद थे।

# शामिया नाज और अमृता 476 अंक लाकर बनी रामगढ़ जिला टॉपर

आजाद सिपाही संवाददाता





**मांडू।** झारखंड बोर्ड मैट्रिक परीक्षा में एसएस प्लस टू हाई स्कूल की छात्रा शामिया नाज ने 476 अंक प्राप्त कर रामगढ़ जिला में टॉपर बनी। परीक्षा में 82 फीसदी से ज्यादा विद्यालय के छात्र-छात्राएं सफल हुए हैं। मांडू चट्टी के आजाद बस्ती की शमीया नाज को जिला में प्रथम स्थान मिला है। शामिया नाज ने 476 अंक प्राप्त किया है। शामिया की इस सफलता के बाद उनके घर पर बधाई देने वालो की लाइन लग गयी। शामिया के पिता फेरी कर गद्दा और रजाई बनाने का काम करते हैं और मां गृहणी हैं। शामिया नाज तीन बहन है। उसकी बड़ी बहन भी मैट्रिक की परीक्षा रांची संतना विद्यालय में दी थी। जिसमें 91.2% अंक से उत्तीर्ण हुई है। पत्रकारों ने शामिया नाज से पूछा कि आप आगे चलकर क्या करना चाहती हैं, तब कहा कि अभी आगे चलकर बारहवी की परीक्षा में इसे भी बेहतर परिणाम लाने का प्रयास रहेगा। उसके बाद ऊंचे से ऊंचे पद को प्राप्त करने की कोशिश रहेगी। आगे सिविल सर्विस में बड़ा से बड़ा पद हासिल करने प्रयास करूंगी। शामिया ने कहा कि उन्होंने परीक्षा की तैयारी में कोचिंग व ऑनलाइन मदद ली। साथ ही मेरे माता-पिता ने मेरा विशेष मार्गदर्शन किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। वहीं दूसरी ओर विद्यालय की छात्रा रूपा कुमारी 467 और रीतिका कुमारी 464 अंक प्राप्त कर जिला में छठा व सातवां स्थान हासिल कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है । विद्यालय के छात्र छात्रो की सफलता पर विद्यालय प्रधानाध्यापिका डॉ विज्ञा पाठक, शिक्षक सुनिल कुमार, आभा नाग, धनंजय कुमार, श्वेता कुमारी, रेखा कुमारी, दिगम्बर प्रसाद, किशोर कुमार, अरूण कुमार यादव, अजीत कुमार राम, देवेन्द्र शर्मा, संजीव कुमार, वेदनाथ मिश्र, मुखिया अनिता देवी विधायक प्रतिनिधि बालेश्वर भुइया, मो राजीव ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी है।

## टेकलाल महतो हाइ स्कूल की छात्रा है अमृता



**कुजू(आजाद सिपाही)।** जैक द्वारा जारी 10वीं बोर्ड परीक्षा में टेकलाल महतो हाई स्कूल धनबेड़वा, सुगिया की छात्रा सोनडीहा निवासी अमृता गुप्ता ने 476 अंक लाकर जिला में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। अमृता अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के गुरूजनों व पिता भीम प्रसाद गुप्ता व माता चंपा देवी को देती हैं। उन्होंने भविष्य में जेपीएससी परीक्षा पास कर अधिकारी बन राज्य सेवा करना चाहती हैं। उन्होंने सच्ची लगन के साथ ईमानदारी पूर्वक किए गए निरंतर प्रयास से सफलता अर्जित करने की बात कही। इधर, क्षेत्र के ग्रामीणों और विद्यालय परिवार ने अमृता को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

# पुलिस की लापरवाही से अमन साहू गैंग के गुर्गे आकाश राय को मिली जमानत

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** एसपी अजय कुमार संगठित अपराध के खिलाफ लगातार अभियान चला रहे हैं। उनकी सक्रियता से दर्जनों अपराधी सलाखों के पीछे भेजे गए हैं। लेकिन गोला पुलिस की लापरवाही के कारण एसपी का अभियान भी विफल हो रहा है। भारतमाला परियोजना के ठेकेदारों से रंगदारी मांगने वाले अमन साहू गैंग के राइट हैंड माने जाने वाले आकाश कुमार राय को गोला पुलिस की लापरवाही के कारण मंगलवार को जमानत मिल गई। व्यवहार न्यायालय रामगढ़ के फर्स्ट क्लास मजिस्ट्रेट कोर्ट ने आकाश कुमार राय उर्फ आकाश कुमार रॉय उर्फ मोनू को जमानत दे दी। गोला पुलिस इस कुख्यात अपराधी के खिलाफ निर्धारित समय के अंदर चार्जशीट ही फाइल नहीं कर पाई। अधिवक्ता विधान चंद्र सिंह और संजय घोष ने संयुक्त रूप से बताया कि आकाश कुमार राय पूर्व से ही जेल में बंद हैं। पलामू जिले के मेदनीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बारलोता, बायपास रोड निवासी आकाश कुमार राय पर पुलिस ने कई गंभीर आरोप लगाए थे। पुलिस ने यह कहा था कि भारतमाला परियोजना के तहत गोला प्रखंड में चल रहे सड़क के निर्माण कार्य को अवरुद्ध करने की धमकी दी गई थी। साथ ही परियोजना के ठेकेदारों से रंगदारी मांगी गई थी। आकाश कुमार राय जेल के अंदर से ही अपने अन्य गुर्गों को मॉनिटर कर रहे थे। उनके इशारे पर ही रंगदारी मांगने और धमकी दिए जाने का काम हो रहा था। इस मामले में पुलिस को 90 दिनों के अंदर चार्जशीट फाइल करना था, लेकिन वह नहीं हो पाया। जिसका फायदा आकाश कुमार राय को मिला। बीएनएसएस की धारा 187 (3) सब क्लोज (, ) के तहत जमानत मिली है।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

निविदा सूचना सं. : ईएलआईएन/टीआरएस/रेट्रो फिटमेंट/कैब एसी/25-26/01, भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, इलेक्ट्रिक लोको शेड, इस्पातनगर, झारखंड-827010 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा सं. ईएलआईएन-टीआरएस-रेट्रो-फिटमेंट-एसी के तहत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: कार्य का नाम: इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव में कैब के थर्मल इन्सुलेशन के प्रावधान के साथ एयर कंडीशनिंग सिस्टम का रेट्रो फिटमेंट। मात्रा: निविदा कागजात की अनुसूची के अनुसार। शेड का नाम/स्थल: इलेक्ट्रिक लोको शेड/इस्पातनगर, दक्षिण पूर्व रेलवे। निविदा मूल्य: रु. 1,23,51,073/-, बयाना राशि: रु. 2,11,800/-, अनुबंध की अवधि: 12 माह। निविदा कागजात का मूल्य: शून्य। निविदा की अंतिम तिथि और समय: दिनांक 24.06.2025 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण ई-निविदा पोर्टल पर उपलब्ध है और आईआरईपीएस वेबसाइट का यूआरएल www.ireps.gov.in है। (PR-208)


# सरना धर्म कोड लागू करने को लेकर झामुमो ने दिया धरना

# केंद्र सरकार ने आदिवासियों को छला और छीना अधिकार : झामुमो

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** सरना धर्म कोड और आदिवासी धर्म कोड लागू करने को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने एक बार फिर केंद्र सरकार के खिलाफ आंदोलन शुरू किया है। रामगढ़ में भी पार्टी कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को सुभाष चौक पर एक दिवसीय धरना दिया। इस दौरान केंद्र सरकार से सरना धर्म कोड लागू करने की मांग की। इस दौरान पार्टी नेताओं ने केंद्र सरकार पर आदिवासियों के साथ छल करने और उन्हें अधिकारों से वंचित करने का आरोप लगाया। धरना का नेतृत्व कर रहे पार्टी के जिला संयोजक मंडली के प्रमुख विनोद किस्कू ने कहा कि बिना सरना धर्म कोड लागू किये झारखंड में जातीय जनगणना करना झारखंड के आदिवासियों के साथ धोखा होगा। जिसे झारखंड मुक्ति मोर्चा बर्दाश्त नहीं करेगी। झारखंड सरकार द्वारा सरना धर्म कोड और आदिवासी धर्म कोड विधेयक को विधानसभा से पारित किया गया था। राज्यपाल के माध्यम से केंद्र सरकार के पास अनुमोदन के लिए भेजा गया था। परंतु लगभग 5 वर्ष बीत जाने के बावजूद केंद्र सरकार द्वारा कोई निर्णय नहीं लिया गया। अब पार्टी इस मुद्दे पर खुलकर सामने आ गयी है। जब तक सरना धर्म कोड लागू नहीं होता, जातीय जनगणना का विरोध होता रहेगा। इस धरना में विनोद कुमार महतो, केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो, भुन्नू महतो, सोनाराम मांझी, चित्रगुप्त महतो, महेंद्र मुंडा, हरिलाल बेदिया, बरतु करमाली, गीता विश्वास, महेश ठाकुर, खुर्शीद आलम, संतोष कुमार, सागीर हुसैन, दीपक टुडू, सतीश मुर्मू सहित कई लोग शामिल थे।


**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 19464 date 05.02.2025, I SURENDRA THAKUR, S/o-Late Juthan Thakur, aged about-48 years, by Occupation-Business, by faith-Hindu, Nationality-Indian, R/o Vill.-Chaingada, P.O.-Chaingada, P.S.-Patratu, Dist-Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly affirm and declare as follows :-
1. That my daughter's actual and correct name is NAINSI PRIYA KUMARI which has been mentioned in her UID Card, bearing UID Card No. 2253 4764 2446.
2. That my daughter's name has been mentioned as UMA KUMARI in her Post Office Account bearing Account No.-400513.
3. That NAINSI PRIYA KUMARI and UMA KUMARI both hames are same and single girl i.e. my daughter.
4. That this affidavit rectify by my daughter's actual and correct name NAINSI PRIYA KUMARI in place of UMA KUMARI in her Post Office Account bearing Account No.-400513.
5. That above statement made by me are genuine & correct

**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना**

वैद्युतिक कार्य हेतु

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत / परिचालन), पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु सक्षम संविदाकारों से ई- निविदा आमंत्रित की जाती हैं

ई-निविदा संख्या: GEM/2025/B/6268509, dated 23.05.2025

1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन की अवधि: धनबाद मंडल के कोडरमा रनिंग रूम की सम्पूर्ण प्रबंधन के साथ क्रू के लिए भोजन बनाना, केयर टेकिंग, साफसफाई और बागवानी-, न्यूज़ पेपर और मैगजीन आपूर्ति, कपड़ों की धुलाई एवं रहने वाले क्रु को सब्सीडाईज्ड भोजन उपलब्ध कराना शामिल है की 03 वर्षों (1096 दिनों) के लिए आउटसोर्सिंग। 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि: रू. 1,93,93,588.48/- 3. अग्रधन राशि: 2,47,000.00 4. ई-निविदा बंद होने और खुलने की तिथि एवं समय: ई-निविदा बंद होना: 13.06.2025 को 19:00 बजे। ई-निविदा का खुलना: 13.06.2025 को 19:30 बजे। 5. वेबसाईट का विवरण: वेबसाईट http://gem.gov.in विशेष: ई-निविदा के तहत किसी भी प्रकार के मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

कृते मंडल रेल प्रबन्धक(विद्युत/परि.)
पूर्व मध्य रेल/ धनबाद

पीआर/0317/डीएचएन/टी/25-26

